# बैनगंगा नदी पुल पर लगा ध्वज हुआ क्षतिग्रस्त

**छपारा नवभारत। राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक तिरंगा झंडा आज प्रशासन की अनदेखी के कारण बदहाली के आंसू बहा रहा है। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के अंतर्गत छपारा नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर स्थापित विशालकाय तिरंगा ध्वज जगह-जगह से फटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद का ध्यान इस ओर अभी तक नहीं गया है।**

**नियमों की हो रही अनदेखी**

राष्ट्रध्वज फहराने को लेकर

**तिरंगे के अपमान पर नगर परिषद मौन, नगरवासियों में आक्रोश**

भारतीय ध्वज संहिता में स्पष्ट नियम और मापदंड निर्धारित हैं, जिसके अनुसार क्षतिग्रस्त या फटा हुआ झंडा फहराना राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जाता है।

बैंनगंगा पुल जैसे सार्वजनिक और प्रमुख स्थान पर फटा हुआ तिरंगा लहराना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि यह क्षेत्र के नागरिकों की भावनाओं को भी आहत कर रहा है। स्थानीय नगरवासियों ने नगर परिषद छपारा





की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल इस ओर ध्यान देना चाहिए। नागरिकों ने मांग की है कि इस क्षतिग्रस्त ध्वज को ससम्मान उतारकर उसके स्थान पर जल्द से जल्द नवीन राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराया जाए।

# शेर के मुंह से निवाला छीन लाया दीपचंद

**धारनाकला नवभारत। बरघाट तहसील के ग्राम गागंपुर का निवासी दीपचंद उईके इन दिनो उसकी हिम्मत और साहस के लिये चर्चा का विषय बना हुआ है जहा जंगल के राजा शेर को देखकर अच्छे अच्छो की हालत पतली हो जाती है किन्तु साहसी और हिम्मत और जोश से भरे दीपचंद उईके ने शेर के मुह से निवाला छीन लाया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपचंद उईके गाव से लगे जंगल मे अपने बकरा और बकरी को चराने के लिये लेकर गया था तभी घात लगाकर बैठे शेर ने दीपचंद की पाली गई बकरा बकरी मे एक बकरे को उठाकर ले गया दीपचंद ने पहले तो हल्ला किया जब कोई बात नही बनी तो वह अपने एक साथी के साथ हथियार के रूप मे कुल्हाड़ी और लट्ठ लेकर निकल पडा और देखा की एक पेड के नीचे उसका मरा हुआ बकरा रखा है तथा शेर अपने शिकार के सामने ही बैठा है हिम्मत और साहस से दीपचंद अपने साथी के साथ शेर के सा मने से अपना बकरा उठा लाया और शेर घुरराता रह गया जब इस सम्बन्ध मे साहसी युवक से बात की गई तो उसने बताया की शेर अपना शिकार तुरन्त नही खाता यह मुझे पता है इस लिये मै अपनी पूरी तैयारी के साथ जंगल गया और अपना बकरा ले आया हालाकि बकरा मर चुका था किनतू गरीब आदिवासी अपना बकरा वापस लाकर उसकी राशि जरूर वसूल कर ली इसे कहते है शेर के मुह से निवाला छीनने का दम।

## एक नजर में



### केवलारी पत्रकार साथी संघ की बैठक आयोजित

केवलारी। तहसील मुख्यालय केवलारी में दिनांक 2 मई को जैन रेस्टारेंट केवलारी में पत्रकार साथी संघ की बैठक का आयोजन हुआ। वरिष्ठ पत्रकार नीलेश अवधिया, बब्लूखान, राजू मेहरा, अशोक बंदेवार की विशेष उपस्थिति में बैठक का शुभारंभ किया गया। तहसील क्षेत्र के पत्रकारों को कवरेज, समाचार एकत्रित करते एवं फील्ड में दौरा के दौरान होने वाली समस्याओं तथा पत्रकार बीमा संबंधी एवं अन्य विषयों गंभीरता से चर्चा की गयी। पत्रकार एकता और संगठन को मजबूत बनाने आगामी बैठक में कार्यकारणी समिति घोषित करने बाते रखी। इस दौरान पत्रकार राजदीप रांहगडाले, मुकेश चौरसिया, राहुल श्रीवास्तव, श्रीमति जमुना अहिरवार, प्रवीण दुबे, कृष्ण कुमार प्रजापति. अजय नागेश्वर, पवन बघेल सहित अन्य पत्रकार साथियों की सहभागिता रही।

### पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीण परेशान

सिवनी। जिला मुख्यालय से लगे जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोरलीछतरपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कार्य के दौरान गांव की सीसी सड़क को कई स्थानों पर खोद दिया गया, लेकिन उसके बाद मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार पाइपलाइन डालने के बाद सड़क पर केवल मुरम और मलबा डालकर छोड़ दिया गया है। इससे रास्ता ऊबड़-खाबड़ हो गया है और दोपहिया व चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई सड़क अब उपयोग के लायक नहीं रह गई है। आरोप है कि कार्य बिना समुचित योजना और सुरक्षा व्यवस्था के किया गया। सड़क खोदने के बाद समतलीकरण नहीं किया गया, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। रात के समय आवागमन में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर डाला गया मलबा अब धूल उड़ाने लगा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। वहीं बारिश शुरू होने पर यही मार्ग कीचड़ में तब्दील होने की आशंका है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का उद्देश्य सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता और निगरानी के अभाव में स्थिति उलट हो गई है। जिले के अन्य क्षेत्रों से भी इस तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### संप्रेक्षण गृह का हेल्थ ऑडिट 83 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

सिवनी। संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में तथा कलेक्टर नेहा मीना के आदेशानुसार संस्था संप्रेक्षण गृह सिवनी में शनिवार को हेल्थ ऑडिट किया गया। गठित समिति द्वारा किए गए इस ऑडिट में संस्था में निवासरत कुल 83 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके हेल्थ कार्ड तैयार किए गए। हेल्थ ऑडिट के दौरान समिति अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर, अधीक्षक विशेष गृह अभिजीत पचौरी, सहायक संचालक राजेश लिल्हारे, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. जयज काकोडिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश चौहान, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश पाठक, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रविंद्र कोल्हे, डीडीआरसी प्रतिनिधि डॉ. मनीषा श्रीवास्तव एवं ईयरमोल्ड टेक्नीशियन सोनम विनोदिया शामिल रहे।

# उगली क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, 24 वर्षीय युवक की मौत

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के पुलिस थाना उगली अंतर्गत ग्राम उगदीवाड़ा में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सचिन ठाकुर (पिता संतोष ठाकुर), निवासी छपारा थाना बरघाट के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उगली से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम उगदीवाड़ा में शनिवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी-तूफान और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आईं। इसी दौरान सचिन ठाकुर इसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना उगली की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए



भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। हालांकि, इस घटना को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की मौत आकाशीय बिजली गिरने से नहीं, बल्कि बिजली के तार के संपर्क में आने (करंट लगने) से हुई है।

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने पुलिस थाना उगली से संपर्क कर जानकारी ली, तो पुलिस ने बताया कि घटना के समय तेज आंधी-तूफान के साथ बिजली भी कड़क रही थी। साथ ही बड़ी लाइन के तार से चिंगारी निकलने की बात भी सामने आई है। मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

इधर, पिछले कुछ दिनों से मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शनिवार को भी दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और इसी दौरान यह हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की जिंदगी असमय काल के गाल में समा गई। ऐसे मौसम में खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# गेहूं खरीदी में दिक्कतों पर 7 मई को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चकाजाम





**सिवनी नवभारत।** गेहूं उपार्जन में आ रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने 7 मई को दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम का ऐलान किया है। कार्यक्रम ग्राम भोंगाखेड़ा के पास प्रस्तावित है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग पोर्टल में गड़बड़ी और सर्वर समस्या के कारण किसान समय पर पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्टी का कहना है कि समय पर खरीदी नहीं होने से किसान आर्थिक दबाव में हैं और कई मामलों में उन्हें बिचौलियों को फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा।

आरोप यह भी है कि उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध नहीं है और फसल के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था भी सीमित है। गुणवत्ता के नाम पर खरीदी से इंकार किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

कांग्रेस के अनुसार, प्रस्तावित आंदोलन के माध्यम से इन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

# घर-घर दस्तक दे रहे प्रगणक, जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण जारी

**सिवनी नवभारत।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत सिवनी जिले के नगरीय एवं ग्रामीण सभी क्षेत्रों में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य प्रारंभ हो गया है। यह कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण में प्रगणक घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मकान, उसमें निवासरत परिवारों तथा अन्य आवश्यक सामाजिक-आर्थिक जानकारियों का संकलन कर रहे हैं। जिले में यह कार्य निर्धारित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सभी ग्रामों एवं शहरी वार्डों को कवर करते हुए सर्वे कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्य पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप संपन्न किया जाए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान



आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि प्रगणक जब उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं।

जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

### स्कूल की तोड़ी बाउंड्रीवाल

सिवनी। शास. उच्च. माध्य. विद्या. सिहोरा में बीती रात्रि अज्ञात तत्वों के द्वारा वाउन्ड्रीवाल तोड़ दी गई है जिस कारण विद्यालय पूरी तरह असुरक्षित हो गया है इसकी जानकारी प्रचार हलदर शर्मा द्वारा लिखित में थाना में भी दी गई। शास.उच्च. माध्य. विद्या. सिहोरा में छात्राओं के शौचालय की ओर वाउन्ड्रीवाल को अज्ञात तत्वों के द्वारा तोड़ी गई है जिस तरफ बाउंड्री वॉल तोड़ी गई वहां शौचालय होने के कारण उस तरफ सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण सीसीटीवी फुटेज में भी कुछ रिकॉर्ड नहीं हो पाया ऐसे में विद्यालय परिषर असुरक्षित हो गया है।

# निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया आज से

**सिवनी नवभारत।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्रदान किया जाता है।

प्रदेश में आरटीई के तहत प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

**द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं होगा**

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को अवकाश निर्धारित होने तथा संशोधन उपरांत 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित किए जाने के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दस्तावेज़ सत्यापन निर्धारित समय पर नहीं करा सके। ऐसे में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी आवेदकों को एक और अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में आवेदन किया है लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन के समय चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाये जाने पर संबंधित आवेदक द्वितीय चरण में स्कूलों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे।

> **सत्यापन केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे दो अधिकारी**
>
> संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत सभी जनशिक्षा केंद्रों पर सत्यापन कार्य के लिए अधिकतम दो सत्यापन अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, प्रथमतः जनशिक्षकों को भी इस कार्य में लगाया जाएगा, जिससे निर्धारित समय-सीमा में आने वाले सभी आवेदकों का सत्यापन सुचारू रूप से किया जा सके। इसके अतिरिक्त, यदि किसी पालक को जनशिक्षा केंद्र पर सत्यापन कराने में किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो वे संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में जाकर भी अपने बच्चे का सत्यापन करा सकते हैं।

ऐसे आवेदक, जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए, लेकिन उन्हें कोई भी विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे द्वितीय चरण के लिए विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन आवेदकों को प्रथम चरण में विद्यालय आवंटित हुआ था, लेकिन विद्यालय पसंद न आने या अन्य कारणों से उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी द्वितीय चरण की प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस फिर से अपडेट कर सकेंगे।


4 से 9 मई 2026- जनशिक्षा केंद्रों पर जाकर सत्यापन करना होगा। 11 से 16 मई 2026- आवेदकों को रिक्त सीटों वाले विद्यालयों के लिए अपनी चॉइस अपडेट करने होगी। 20 मई 2026- द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लॉटरी 20 मई से 10 जून- आवंटन के बाद संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीई मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी।

### 17,145 किसानों से 93 हजार एमटी से अधिक खरीदी, 58 .88 करोड़ भुगतान

**सिवनी नवभारत।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष संचालित 78 उपार्जन केंद्रों पर अब तक 17,145 किसानों से कुल 93,422 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देश पर अधिकारी लगातार उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो। उपार्जित गेहूं के परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही भी प्रगति पर है। वहीं किसानों को भुगतान की दिशा में भी कार्य जारी है। अब तक 58.88 करोड़ की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जा चुकी है तथा शेष भुगतान प्रक्रिया जारी है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्लॉट के अनुसार केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें।

# गोंदिया स्टेशन पर कार्य, सिवनी होकर चलेगी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस

**सिवनी नवभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत गोंदिया रेलवे स्टेशन पर अधोसंरचना सुधार कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के तहत प्लेटफॉर्म क्रमांक-4 से संबंधित लाइन पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में बदला जाएगा। यह कार्य 03 मई से 22 मई तक निर्धारित किया गया है। कार्य के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक-4 (डाउन मेन लाइन) अस्थायी रूप से बंद रहेगा, जिसके कारण रेल संचालन में आंशिक बदलाव किया गया है। इसी के



चलते कुछ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं।

रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16 एवं 18 मई को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय जबलपुर-नैनपुर-सिवनी-छिंदवाड़ा होकर संचालित होगी। वहीं गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17 एवं 19 मई को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-जबलपुर मार्ग से चलाई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन, 220 प्रतिभागी हुए शामिल

**सिवनी नवभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 02 मई 2026 को नर्सिंग ट्रेनिंग केंद्र के सभाकक्ष में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक सहित लगभग 220 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। स्वागत उपरांत परियोजना अधिकारी श्री शंशाक शेखर सिंह ठाकुर ने योजना की रूपरेखा, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत बालिका को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश पर छात्रवृत्ति तथा उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, वहीं 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार एकमुश्त राशि का प्रावधान है।

कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी ने अपने उद्बोधन में







बालिकाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री अखिलेश यादव ने बालिकाओं को समय का सदुपयोग कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य बालिकाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने विभाग की भूमिका एवं योजना के सफल क्रियान्वयन पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी श्री शंशाक शेखर सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

**श्रद्धांजलि** | कौमी एकता कमेटी की अपील—अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानवता और एकजुटता का दें संदेश

# क्रूज हादसे में दिवंगत आत्माओं को आज दी जाएगी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सिवनी नवभारत।** विगत दिवस बरगी डैम में हुई हृदय विदारक क्रूज दुर्घटना ने पूरे प्रदेश सहित सिवनी जिले को शोकाकुल वातावरण में बदल दिया है। इस दर्दनाक हादसे में असमय काल के गाल में समा गए निर्दोष लोगों की याद ने हर संवेदनशील हृदय को झकझोर दिया है। हादसे के बाद से ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है और हर कोई दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने को व्याकुल नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कौमी एकता कमेटी, जिला सिवनी द्वारा एक विशाल एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है, जो शहर की संवेदनशीलता और सामाजिक





एकजुटता का प्रतीक बनेगी।

यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम 04 मई 2026, सोमवार को सायं 7:00 बजे दल सागर चौपाटी, सिवनी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आमजन की बड़ी भागीदारी की संभावना है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दीप प्रज्वलन, दो मिनट का मौन एवं सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, बल्कि उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना और समर्थन का संदेश भी दिया जाएगा।

कौमी एकता कमेटी ने सभी नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे कठिन समय में समाज का एकजुट होकर खड़ा होना ही पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करता है। समिति ने विशेष रूप से सभी वर्गों, समुदायों और संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने व्यस्त समय से कुछ पल निकालकर इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल हों और यह संदेश दें कि सिवनी हर दुख की घड़ी में एक साथ खड़ा रहता है। समिति का मानना है कि जब पूरा शहर एकजुट होकर दीप और मौन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करेगा, तो यह न केवल दिवंगत आत्माओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को भी और अधिक मजबूत करेगी।